सुविचार
सोच का ही फर्क होता है, वरना समस्याएँ आपको कमजोर नहीं बल्कि मजबूत बनाने आती है!

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH
जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक-18 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 7 जून 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## सरकारी अधिकारी को धमकी देने वाले व्यक्ति के खिलाफ किस धारा के अंतर्गत मामला दर्ज होता है जानिए/BNS-IPC......

कोई सेवक के कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्ति को भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 221 एवं IPC की धारा 186 के अंतर्गत दण्डित किया जाता है लेकिन अगर कोई व्यक्ति किसी लोक सेवक को किसी कार्य करने, किसी कार्य को करने, कर्तव्य से दूर रहने आदि की धमकी देता है तब ऐसे व्यक्ति के खिलाफ एक नई धारा के अंतर्गत अपराध बनता है जानिए।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665

**भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 224 एवं भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 189 की परिभाषा:** जो कोई व्यक्ति किसी लोक सेवक को किसी कार्य को करवाने, किसी कार्य को न करवाने या कोई कार्य में विलंब करने आदि की धमकी देता है या क्षति करने की धमकी देता है तब ऐसा व्यक्ति BNS की धारा 224 एवं IPC की धारा 189 के अंतर्गत दोषी होगा। मोहम्मद बनाम सम्राट मामले मे दो पुलिस कांस्टेबलों ने रात के समय अपनी गश्त ड्यूटी देते हुए एक निगरानी शुदा अपराधी के घर के बाहर खड़े होकर उसके नाम से पुकार की। इस पर उस अपराधी का भाई जो कि बगल वाली झोपड़ी में ही रहता था, बाहर आया और उसे नीद में दखल देने के लिए पुलिस कांस्टेबलों को लताड़ते हुए मारने की धमकी दी। न्यायालय ने आरोपी को धारा 189 के अधीन दोषी ठहराया।
Bharatiya Nyaya Sanhita Section wwy or Indian Penal Code Section v}~ Provision of punishment
यह अपराध,असंज्ञेय एवं जमानतीय होते हैं अर्थात पुलिस थाने में इस अपराध के खिलाफ डारेक्ट एफआईआर दर्ज नहीं होगी लेकिन पुलिस थाने से एनसीआर लिखी जा सकती है एवं इस अपराध के लिए कोई भी न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष परिवाद (शिकायत) दर्ज होगा परिवाद किसी लोकसेवक के द्वारा दर्ज होगा। इस अपराध की सुनवाई कोई भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जाती है।
**सजा** - इस अपराध के लिए दो वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

## अठारह साल से अधिक उम्र की लड़की को शादी करने के उद्देश्य से जबरदस्ती भगा कर ले जाना कब अपराध होगा जानिए /BNS-IPC.....

भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 83 एवं भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 498 में हमने आपको बताया था कि किसी विवाहित स्त्री को फुसलाकर भगा कर ले जाना अपराध होता है। लेकिन किसी अठारह वर्ष या उससे अधिक उम्र की अविवाहित स्त्री को विवाह या आदि अपकृत्य करवाने के लिए उसकी मर्जी के खिलाफ भागकर ले जाना एक नई धारा के अंतर्गत अपराध होगा जानिए।
**भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 86 एवं भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 366 की परिभाषा ??**
अगर कोई पुरुष किसी महिला को उसकी इच्छा के विरुद्ध भागकर या अपहरण करके ले जाता है वह BNS की धारा 86 एवं IPC की धारा 366 के अंतर्गत दोषी होगा।
**इस अपराध के लिए आवश्यक तत्व है-**
1. स्त्री का अपहरण अवैध तरीके से विवाह करने के लिए किया गया हो।
2. स्त्री की उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो और स्त्री अविवाहित हो।
3. स्त्री का अपहरण अवैध सम्भोग (अवैध शारीरिक संबंध) करने के लिए किया गया हो।
4. स्त्री का अपहरण भय या लोभ देकर किया गया हो।

Bharatiya Nyaya Sanhita Section }{ or Indian Penal Code Section x|{ Provision of punishment
यह अपराध संज्ञेय एवं अजमानतीय होते हैं अर्थात पुलिस थाने में इस अपराध की एफआईआर दर्ज होती है। या अगर एफआईआर दर्ज न होने की स्थिति मे पीड़ित महिला या उसके परिवार वाले सेशन कोर्ट में परिवाद (शिकायत) भी दर्ज करवा सकते हैं । इन अपराध की सुनवाई सेशन कोर्ट द्वारा की जाती है। **सजा** - इस अपराध के लिए अधिकतम दस वर्ष की कारावास और जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है।
**- लेखक बीआर अहिरवार (पत्रकार एवं विधिक सलाहकार) होशंगाबाद**

# देशभर में प्री मानसून गतिविधियां शुरू, आज इन राज्यों में बारिश के आसार, यहां जारी रहेगी गर्मी

**एजेंसी नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बाद अब देशभर में प्री मानसून गतिविधियां देखने को मिली रही है, हालांकि कुछ राज्यों में लोगों को लू और गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। जिन राज्यों में बारिश होना है, उसमें दक्षिण और पूर्वोत्तर के राज्य शामिल है। यहां हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं उत्तर भारत के राज्यों में बारिश के आसार है।



### दिल्ली में बारिश के आसार

इन दिनों तेज गर्मी का सामना कर रहे दिल्लीवासियों को गर्मी से राहत मिल सकती है। दरअसल, मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों से राजधानी में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। साथ ही आंधी और तेज हवाएं चलने के भी आसार है। हालांकि इस दौरान अधिकतम तापमान 42 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच और न्यूनतम तापमान 29 से 31 डिग्री सेल्सियस के रह सकता है।

### इन राज्यों में जारी रहेगी गर्मी

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित पंजाब, हरियाणा में फिलहाल गर्मी और लू जारी रहेगी। जबकि उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा के कुछ क्षेत्रों में बारिश का अनुमान है।

### इन राज्यों में बारिश के आसार

जानकारी के अनुसार दक्षिणी राज्य तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, सहित पूर्वोत्तर और महाराष्ट्र के कुछ राज्यों में भारी बारिश के आसार है। इसके अलावा केरल, ओडिशा के कुछ क्षेत्रों, छत्तीसगढ़, दक्षिण मध्य प्रदेश में हल्की बारिश हो सकती है।

## मालवा-निमाड़ की आठ लोकसभा सीटों पर नजर आया मोदी की गारंटी का प्रभाव



**इंदौर।** लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को पूरे देश में भले ही बहुमत नहीं मिला हो, पर मालवा-निमाड़ समेत पूरे प्रदेश में प्रचंड मोदी लहर देखने को मिली है। मालवा-निमाड़ की आठ लोकसभा सीटों पर भी मोदी की गारंटी का प्रभाव दिखा है। अंचल की जनता ने भाजपा के प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन को भी स्वीकार लिया है। नए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मालवाचंल के होने का फायदा भी अंचल में दिखाई दिया है। भाजपा ने यादव के गृह नगर उज्जैन में भी बड़ी जीत दर्ज की है। वर्ष 2014 और 2019 में मोदी लहर में यहां की आठों सीटों पर भाजपा का कब्जा रहा था। इस बार भी ये अंचल मोदी की गारंटी और मोहन की बांसुरी पर झूमता नजर आया है। अंचल की खरगोन को छोड़कर शेष सात सीटों पर भाजपा ने पिछले चुनाव से भी बड़ी जीत दर्ज की है। परिणामों में भाजपा के शंकर लालवानी को 11,75,092 वोट से जीत मिली। ये जीत देश में सबसे बड़ी है। इंदौर सीट वर्ष 1989 से भाजपा के कब्जे में है। मंदसौर संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सुधीर गुप्ता ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की है। हर बार उन्होंने जीत का अंतर बढ़ाया है। 2014 में गुप्ता 3.03 लाख से, 2019 में 3.76 लाख मतों जीते थे। इस बार उन्होंने जीत के साथ ही अपना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया हैं। धार-महू लोकसभा सीट पर भी भाजपा को इतिहास की सबसे बड़ी जीत मिली है।

## इंदौर में नोटा को प्रत्याशी बताकर अपने परंपरागत वोट खो बैठी कांग्रेस




**इंदौर।** भाजपा के गढ़ इंदौर में अपना प्रत्याशी गंवाने के बाद नोटा के भरोसे चुनाव मैदान में उतरी कांग्रेस को करारा झटका लगा। मतदाताओं ने भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी को 11 लाख 75 हजार मत देकर उनके सिर देश की सबसे बड़ी जीत का सेहरा सजा दिया, लेकिन कांग्रेस को नोटा के लिए अपना प्रत्याशी बताकर वोट करने की अपील भारी पड़ गई। उसे अपने परंपरागत मतदाताओं से भी हाथ धोना पड़ा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को इंदौर लोकसभा सीट पर पांच लाख 20 हजार से ज्यादा मत मिले थे, लेकिन इस चुनाव में शहरभर में पोस्टर चिपकाने और नोटा के समर्थन में रैलियां निकालने के बावजूद वह दो लाख से ज्यादा मत नोटा को नहीं दिलवा सकी। कांग्रेस ने पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस चुनाव में अपने तीन लाख से ज्यादा परंपरागत मतदाताओं को खो दिया। ऐसा भी नहीं कि कांग्रेस प्रत्याशी के मैदान में नहीं होने की वजह से मतदान में बहुत ज्यादा फर्क पड़ा हो। वर्ष 2019 में जहां इंदौर में 16 लाख 15 हजार मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था, वहीं इस बार यह संख्या 15 लाख 62 हजार रही। यानी वर्ष 2019 के मुकाबले सिर्फ 53 हजार मत ही कम पड़े। इसमें भी 12 लाख 26 हजार 751 मतदाताओं ने भाजपा को समर्थन दिया है।

# भीषण गर्मी के चलते सूख चुकी है, तेन्दोनी नदी

### पशुओं और गांववालों के सामने आया गहरा जल संकट



नेतराम अहिरवार जी
संवाददाता, युवा प्रदेश

**रायसेन/सिलवानी।** ग्राम पंचायत देवरी जागीर के गांव सर्रा(कलां)में तेन्दोनी नदी का पानी बिल्कुल सूख गया है। पशुओं के पीने के लिए नदी में बिल्कुल पानी भी पानी नहीं बचा है। तेन्दोनी नदी- मुँआर, पठा, धनगवां, सर्रा(कलां), नादपुर, चुन्हैटिया आदि गांवों से बहती हुई नर्मदा नदी में मिल जाती है। इस साल तेन्दोनी नदी की स्थिति नाले से भी बेकार हो गई है। पहले इस नदी का पानी सालभर रहता था। लेकिन अब लोग अपने खेतों की सिंचाई भी इसी नदी से करते है, और कहीं- कहीं गांवो में इस नदी के पानी को रोक दिया गया है। इस कारण जो पानी बचा होता है वह भी सिंचाई के कारण सूख जाता है। नदी सूखने से गांववालों और पशुओं को बहुत पेरशानी हो रही है।

**तेन्दोनी नदी नर्मदा नदी की 21 वीं सहायक नदी है**



# नवीन शिक्षक संवर्ग एवं अतिथि शिक्षकों के लिए कार्य करने वाला संघ मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ



**संभाग आयुक्त पत्रकार हेमंत शाक्या**

भोपाल। राज्य शिक्षा सेवा एवं नवीन शिक्षक संवर्ग के लिए कार्य करने वाला एवं विश्व का नंबर एक का सबसे बड़ा संगठन भारतीय मजदूर संघ से संमध्दता रखने वाला मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने खंडवा लोक सभा से नव निर्वाचित सांसद आदरणीय ज्ञानेश्वर पाटील जी का स्वागत अभिनंदन किया जिसमें राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री दिलीप इंगले जी प्रदेश मंत्री श्री संजय जी चौधरी, संभागीय सचिव श्री अनिल जयसवाल जिला अध्यक्ष श्री सुरेश पवार हाइस्कूल प्राचार्य श्री योगेश कापड़िया विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री सुधाकर माकुंदे, विकास खण्ड स्तोत्र समन्वयक श्री नरेन्द्र दुबे, सहायक परियोजना अधिकारी श्री उदय सिंह मोगरे श्री मोहम्मद फहीम जिला उर्दू मदरसा प्रभारी मातृशक्ति में श्रीमती भारती बडगुजर श्रीमती ज्योति बाला एवं सैकड़ों की संख्या मे नवीन शिक्षक संवर्ग एवं अतिथि उपस्थित थे सभी ने दादा को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# रायसेन जिले के मण्डीदीप के पास स्थित बेतवा नदी के उदगम स्थल झिरी से जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया



**संभाग स्तरीय पत्रकार हेमंत शाक्या**

रायसेन - मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रायसेन जिले के मण्डीदीप के पास स्थित बेतवा नदी के उदगम स्थल झिरी से जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया उन्होंने बेतवा नदी के उद्गम स्थल पर पूजा-अर्चना की तथा इसके उपरांत पौधरोपण किया इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल तथा भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा भी साथ रहे।

# भीम आर्मी के संस्थापक आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नगीना लोकसभा में रचा इतिहास



**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

सतना - नगीना लोकसभा चुनाव में भीम आर्मी के संस्थापक आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद जी प्रचंड जीत पर आज भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विजय वर्मा जी के नेतृत्व में सिमरिया चौराहा अंबेडकर प्रतिमा के पास में प्रतिमा में माल्यार्पण कर मिठाई बांटी गई उसके बाद विजय जुलूस निकाला गया जो कृष्णा नगर पन्नीलाल चौक जयस्तम चौक स्टेशन रोड सर्किट हाउस चौक और सिविल लाइन कोठी चौराहा होते हुए अमोदा वार्ड नंबर 1 सिविल लाइन के थाना के सामने बाबा साहब के प्रतिमा में माल्यार्पण कर समाप्त किया गया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहे भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विजय वर्मा भीम आर्मी जिला प्रभारी सुरेंद्र भारती भीम आर्मी उपाध्यक्ष गंगाराम वर्मा भीम आर्मी उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह जायसवाल रघुराज नगर तहसील अध्यक्ष रंजीत चौधरी मजगामा तहसील अध्यक्ष अंगद चौधरी नागौर तहसील उपाध्यक्ष रामशरण चौधरी सावन कपूर की मीडिया प्रभारी सरपंच रामकेश अहिरवार शिवम अहिरवार विकास चौधरी अमन यश डांसर विनोद चौधरी अखिलेश दिवाकर मनीष सतीश रवि चौधरी भूपेन और भीम आर्मी के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# शिवराज की जीत पर जश्न ढोल-नगाड़ों के थाप पर झूमे नेता और कार्यकर्ता

## रायसेन पूर्व सीएम शिवराज सिंह की जीत पर खुशी का माहौल



**संभाग पत्रकार हेमंत शाक्या**

रायसेन-प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान जो की विदिशा लोकसभा क्षेत्र से 8लाख 17000 वोटो से अभूतपूर्व विजय पर भाजपा कार्यकर्ताओं समर्थकों ने ऐतिहासिक जश्न मनाया इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह ,भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ,सांसद राम भार्गव, सांची विधायक डॉ प्रभु राम चौधरी, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा ,खातेगांव विधायक आशीष शर्मा, विदिशा विधायक मुकेश टंडन सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा जिला कार्यालय को उत्सव का केंद्र बना दिया यहां पर जश्न का आरंभ रंग बिरंगी रोशनी जोरदार आतिशबाजी से हुआ ढोल नगाड़ों की स्थापना कार्यकर्ताओं ने उत्साह पूर्वक नृत्य किया।

# 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु शहर के रक्तदाताओं ने किया वृक्षारोपण

**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण की अहम भूमिका होती है। इससे ही हमें स्वच्छ हवा, शुद्ध भोजन, शुद्ध जल, उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। वैसे ही हमारे छोटे-छोटे प्रयास भी पर्यावरण की शुद्धता के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। इसी श्रृंखला में विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को वृक्षारोपण किया गया। शहर के रक्तदाताओं ने रेडक्रॉस सोसायटी के ब्लड बैंक स्टाफ के साथ रेडक्रॉस परिसर में तुलसी, परिजात एवम अन्य पौधे रोप कर पर्यावरण के प्रति अपना समर्पण अर्पित किया। रक्तदाताओं द्वारा शहर में लगभग 100 से अधिक पौधे वितरण किये एवं पौधारोपण किया और शहर के सभी लोगों को पौधारोपण करने एवम पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का अनुरोध किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में दीपशिखा श्रीमाली, मुस्कान सोशल वेलफेयर सोसायटी से गौरव जैन, , श्याम सेवा मंडल से अनन्या मिश्र, ब्रजेश, फ्लाई फाउंडेशन से दिव्या यादव, सेवा संकल्प युवा संगठन से प्रकाश मालवीय एवम जीवन सार्थक और मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो एसएस लकी सिंह नेगी ने पौधारोपण किया।आइये पर्यावरण दिवस पर हम कुछ संकल्प ले और पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करें ।





# कलेक्टर ने किया पौधरोपण, साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता संदेश

- जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ,किये जाएगें विभिन्न कार्य
- अभियान के तहत जल संरचनाओं को किया जाएगा अतिक्रमण मुक्त





**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

शहडोल। कलेक्टर श्री तरुण भटनागर ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज संभागीय मुख्यालय शहडोल में जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत करते हुए शहर के बड़ी भीट तालाब में पर्यावरण को संरक्षित रखने हेतु करंज के पौधे का रोपण किया तथा बड़ी भीट तालाब में साफ सफाई कर जल संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन, मुख्य नगर पालिकाअधिकारी श्री अक्षत बुंदेला, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पांडे सहित अन्य लोगों ने पौधारोपण के साथ साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। जल गंगा संवर्धन अभियान 5 जून से 16 जून तक चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत शहडोल जिले की 390 ग्राम पंचायतों और 07 नगरीय निकायों में जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार तथा पौधरोपण के साथ-साथ जल संरचनाओं को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा तथा कैचमेन्ट क्षेत्र को साफ-सफाई करने के कार्य किये जाएंगे। नगरीय निकायों में अमृत 2, डीएमएफ आदि के साथ-साथ जन भागीदारी से जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं और कार्य योजना बनाकर नियत समय में इन्हें पूर्ण किये जाएगें, ग्रामीण क्षेत्रों में अमृत सरोवर, बलराम तालाब, पुष्कर धरोहर, नदी पुर्नजीवन आदि के कार्य किये जाएंगे। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रस्तावित नालों का गहरीकरण, गाद निकासी, साफ-सफाई एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य, सामुदायिक तालाबों में गहरीकरण, गाद निकासी, साफ-सफाई एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य, पुराने सामुदायिक कूप/कपिल धारा कूप कार्य योजना के प्रावधान अनुसार जन भागीदारी से सुधार कार्य एवं गहरीकरण के कार्य, पुरानी बावली में गहरीकरण,गाद निकासी, स्त्रोत स्टॉप डैम चेक डैम मे गाद निकासी, साफ-सफाई एवं सुदृढीकरण के कार्य, मेरा ऑगन मेरा पेड़ के तहत स्व सहायता समूह की दीदियों के द्वारा ऑगन में मुनगा एवं फलदार पौधरोपण किया जाएगा, शासकीय विद्यालयों में जहां बाउण्ड्री एवं भूमि उपलब्ध है वहां के बच्चों द्वारा पौधरोपण के कार्य किये जाएगें। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 6 जून को प्रत्येक नगरीय निकाय में जल सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 8 जून को जन भागीदारी से श्रमदान कर जल संरचनाओं की साफ सफाई की जाएगी। 9 जून को जल संरचनाओं के समीप कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा साथ ही 9 जून को ही जल संरक्षण विषय पर निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय छात्र-छात्राएं सहभागिता करेंगे। 10 से 16 जून तक योजनानुसार जीर्णोद्धार के साथ-साथ जल संरचनाओं की साफ-सफाई भी होगी। 15 व 16 जून को गंगा दशमी के अवसर पर प्रमुख जल स्त्रोतों के किनारे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत गंगा आरती, भजन समारोह इत्यादि आयोजित किये जायेगें। साथ ही इस अभियान के दौरान नगरीय क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों को रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

# कमिश्नर एवं एडीजीपी ने मीडिया सेंटर व पुलिस कक्ष का किया निरीक्षण, पत्रकारों से की चर्चा

## कमिश्नर एवं एडीजीपी ने मतगणना परिसर में बेहतर व्यवस्था पर की सराहना



**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**




शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद एवं एडीजीपी श्री डीसी सागर ने लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत संभागीय मुख्यालय शहडोल की शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज भी बनाए गए मतगणना परिसर के मीडिया सेंटर एवं पुलिस कक्ष का निरीक्षण किया। मीडिया सेंटर का निरीक्षण करते हुए कमिश्नर ने पत्रकारों से चर्चा की तथा दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की, जिस पर पत्रकारों ने बताया की मतगणना परिसर के मीडिया सेंटर में बेहतर सुविधा प्रदान की गई है। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने मतगणना परिसर के अन्य आवश्यक सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की, सुविधाएं बेहतर होने पर सराहना की। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती एंटोनियो एक्का, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती प्रगति वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# ड्राइविंग लाइसेंस से सम्बंधित बड़े बदलाव भारत में 1 जून, 2024 से लागू



**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार1 जून, 2024 से ड्राइविंग लाइसेंस से सम्बंधित बड़े बदलाव लागू। इसमें आवेदक अपनी पसंद के नजदीकी मान्यता प्राप्त केंद्र पर ड्राइविंग टेस्ट दे सकते हैं। ये टेस्ट सरकार द्वारा प्रमाणित निजी कंपनियों द्वारा संचालित होंगे। बिना वैध लाइसेंस के ड्राइविंग करने पर कठोर जुर्माना लगेगा, जो 2,000 रुपये तक हो सकता है। यदि किसी नाबालिग को ड्राइविंग करते पकड़ा गया, तो 25,000 रुपये का भारी जुर्माना लगेगा तथा माता-पिता पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है और वाहन का पंजीकरण रद्द किया जा सकता है। ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए आवश्यक कागजी कार्रवाई को सरल बनाया गया है। आवेदकों को उनके लाइसेंस प्रकार के लिए आवश्यक विशिष्ट कागजी कार्रवाई के बारे में पहले से सूचित किया जाएगा। मंत्रालय 9,000 पुराने सरकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटा रहा है और भारत की सड़कों को अधिक पर्यावरण-हितैषी बनाने के लिए उत्सर्जन मानकों को बढ़ा रहा है। परिवहन मंत्रालय की वेबसाइट parivahan.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन लाइसेंस के लिए आवेदन किया जा सकता हैं या व्यक्तिगत रूप से संबंधित ऋऋह में जाकर आवेदन कर सकते हैं। निजी ड्राइविंग स्कूलों के लिए नए दिशा-निर्देश भूमि की आवश्यकता ड्राइविंग केंद्रों के लिए न्यूनतम एक एकड़ चार पहिया वाहनों के लिए दो एकड़ केंद्रों के पास उपयुक्त परीक्षण सुविधा होनी चाहिए। प्रशिक्षक की योग्यता प्रशिक्षकों के पास हाई स्कूल डिप्लोमा, 5 साल का ड्राइविंग अनुभव, और बायोमेट्रिक्स और आईटी सिस्टम का ज्ञान होना चाहिए।

# शास. महा. उदयपुरा के पुस्तकालय विभाग द्वारा राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया।

संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़

उदयपुरा। राष्ट्रीय वेबीनार का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अन्नु बड़कुड़ द्वारा मां सरस्वती के पूजन के उपरांत किया गया। यह वेबीनार पुस्तकालयों का बदलता हुआ आधुनिक स्वरूप व सेवाओं पर आधारित रहा । इस वेबिनार में परंपरागत पुस्तकालय से लेकर आधुनिक समय तक की पुस्तकालयों के स्वरूपों व उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं पर चर्चा की गई।आधुनिक समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके किस प्रकार पुस्तकालय अपनी सेवाएं दुनिया के प्रत्येक क्षेत्र में प्रदान कर रहे हैं ! इस राष्ट्रीय वेबिनार में म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग के विशेष कर्तव्य अधिकारियों के साथ-साथ वेबिनार के मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल- नर्मदा पुरम संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ.मथुरा प्रसाद , अग्रणी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इशरत खान व पुस्तकालयाध्यक्ष श्रीमती किरण सक्सेना रही। पुस्तकालय विभाग के इस राष्ट्रीय वेबिनार के विषय विशेषज्ञों के रूप में डॉ.एच.के. चक्रवर्ती संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी (उ.प्र.), भारतीय पुस्तकालय संघ के उपाध्यक्ष डॉ. प्रभात पांडेय एवं डॉ. अमित किशोर पुस्तकालयाध्यक्ष एवं लेखक, केंद्रीय विद्यालय समस्तीपुर (बिहार) रहे। इस राष्ट्रीय वेबिनार के संयोजक महाविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष श्री सत्येन्द्र कुमार आठिया एवं सह-संयोजक श्री ओ.पी. वर्मा तथा तकनीति सहयोगी के रूप में श्री संतोष कुमार कोरी, पुस्तकालयाध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय, मकरोनिया,सागर रहे । इस वेबीनार में देश के विभिन्न स्थानों से विषय विशेषज्ञओ व विद्यार्थीयो द्वारा सहभागिता प्रदान की गई । इस वेबिनार में महाविद्यालय के अन्य स्टॉफ सदस्य व छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे ।



# साइबर हैकर्स का बड़ा ऑनलाइन ऑफलाइन दोनों प्रकार से फ्रॉड

- 719 का फ्री रिचार्ज करने के नाम पर मैसेज भेज रहे साइबर फ्रॉड

**संभाग पत्रकार हेमंत शाक्या**

सावधान सावधान आप सभी को अखबार के माध्यम से और सोशल मीडिया के माध्यम से भी बार-बार सूचना प्रदाय करा रहे है कि किसी प्रकार की लिंक पैसे आने की हो अथवा निकालने की हो या कमाने की हो या फिर फ्री रिचार्ज या अकाउंट खुलवाने की हो या क्रेडिट कार्ड ऐसी अन्य लिंक यदि आपके पास आती हैं सोशल मीडिया के माध्यम से एसएमएस के माध्यम से किसी भी माध्यम से आपके पास आती हैं तो आप उन पर विशेष कर ध्यान ना दें क्योंकि यह लिंक आपके अकाउंट आपके मोबाइल आपके लिए हानिकारक सिद्ध हो सकती हैं क्योंकि यह लिंक साइबर हैकर इनका उपयोग करते हैं और यह उनके पास सभी के नंबर ओर थोड़ी बहुत जानकारी होती हैं यह हर किसी को एसएमएस करते हैं जो भी इन लिंक पर क्लिक करते हैं उनके मोबाइल या अकाउंट हैक हो जाते हैं इसलिए आप विशेष कर सतर्क रहें ऐसी किसी भी प्रकार की लिंक पर क्लिक न करें सुरक्षित रहें समझदार बने।



# बाज़ार में बिक रहे घातक रसायन द्वारा पकाए गए आम सेहत के लिए बेहद खतरनाक कैसे करें इनकी पहचान

**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

गर्मी का सीजन हो और आम खाने का आनंद न लिया जाए ऐसा नहीं हो सकता। लेकिन सावधान आज कल जो आम हम लोग खा रहे हैं वह प्राकृतिक रूप से पके हुए हैं इस बात की कोई गारंटी नहीं है। क्योंकि आजकल मंडी में जो आम आयात किया जा रहा है वह अधिक मुनाफे के चक्कर में एक प्रकार के रसायन द्वारा पकाया जाता है। जो स्वास्थ्य पर अत्यंत दुष्प्रभाव डालता है। रिपोर्ट के अनुसार जब पता चला की इन आमों को इतनी जल्दी जल्दी कैसे पकाया जाता है तो चौंकने वाली बात सामने आई आम को पकाने के लिए आम के केरेटो में पुड़िया डाल कर रखी गई थी ।पता चला कि ये आम को पीला करती है। पुड़िया का निरीक्षण किया तो उसके ऊपर लिखा था ÷इन्हें बच्चो से दूर रखें ÷चित्र में पुड़िया पर लिखा हुआ जूम करके देखने




पर साफ दिख जायेगा। मतलब खुले आम जहर का इस्तेमाल हो रहा है। ज्यादा जानकारी लेने पर पता चला कि जब गाड़ी भर के रवाना होती है तो लगभग दो दिन में पहुंचती है। उस समय उसमें आम एक दम हरे होते है तभी उसमें ये रसायन की पुड़िया डाल दी जाती है। मंडी तक आते आते पुड़िया अपना असर दिखाती है और आमों को पका देती है और हम सोचते है की पीला एवं पका हुआ आम स्वादिष्ट होगा।दरसल आम और दूसरे फलों को पकाने के लिए एक घातक रसायन कैल्शियम कार्बाइड का इस्तेमाल किया जाता है। मनुष्य के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले इसके घातक प्रभाव को देखते हुए स्वस्स्द्ध ने इस पर प्रतिबंध लगा रखा है। तथा फलों के व्यापारियों पर कैल्शियम कार्बाइड के इस्तेमाल करने पर कार्यवाही की चेतावनी दी है । क्योंकि मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए यह बहुत ही खतरनाक पदार्थ है । इसके सेवन से गंभीर बीमारी जैसे किडनी व पेट संबंधी कई बिमारियाँ हो सकती हैं लेकिन बाजार में धड़ल्ले के साथ इसका प्रयोग किया जा रहा है। प्रशासन को समय रहते इसके खिलाफ उचित कार्यवाही करनी चाहिये जिस से लोगों सही तरीके से पकाया हुआ आम मिल सके । कैल्शियम कार्बाइड के द्वारा पकाए हुए आमों या फलों की पहचान बेहद आसानी से की जा सकती है। इनमें दाग-धब्बे बहुत ज़्यादा दिखाई देते है। प्राकृतिक तरीके से पकाए आमों की तुलना में अधिक फ्रेश व ताज़े दिखाई देते हैं। कैल्शियम कार्बाइड से पके फल दो तीन दिन में ही अपना स्वरूप बदलने लगते हैं। और जल्दी ही सड़ने भी लगते हैं। इस प्रकार इन रसायन युक्त फलों की पहचान करके गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।

# तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने निकाली जागरूकता रैली

**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय भोपाल से जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही तंबाखू से होने वाले कैंसर के प्रति जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम में यमराज के कैरेक्टर ने तंबाकू सेवन से होने वाली मृत्यु के प्रति आगाह करने का संदेश दिया। इस दौरान तंबाकू उत्पादों के गंभीर नुकसान के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाकर तंबाकू उपयोग न करने की शपथ ली गई। स्वास्थ्य विभाग भोपाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम ऋषिराज डेंटल कॉलेज और स्काउट एंड गाइड द्वारा विशेष सहभागिता दी गई। वर्ल्ड नो टोबैको डे के अवसर पर जयप्रकाश जिला चिकित्सालय में विशेष ओरल कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ओरल कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की जांच की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर एवं सिविल अस्पताल बैरसिया में संचालित डेंटल यूनिट में विशेष ओरल कैंसर स्क्रीनिंग कैंप शिविरों में मुंह के कैंसर की जांच की गई। जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में ओरल कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों एवं उनकी पहचान की जानकारी के लिए परामर्श सत्रों का आयोजन किया गया ।भारत में हर साल लगभग 14 लाख लोगों की मृत्यु तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों के कारण होती है। सभी प्रकार के कैंसर में 27 प्रतिशत कैंसर तंबाकू सेवन के कारण होते हैं। टीबी से होने वाली मृत्यु में 38त्र तंबाकू सेवन से संबंधित होती हैं। तंबाकू सेवन के कारण फेफड़े का कैंसर, मुंह का कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, गले का कैंसर, दिल की बीमारियां, सांस लेने में दिक्कत जैसी गंभीर रोग हो सकते हैं। तंबाकू का सेवन छोड़ने के कई अल्पकालिक और कई दीर्घकालीन फायदे हैं। तंबाकू का सेवन छोड़ने के 20 मिनट में हार्ट रेट और ब्लड प्रेशर सामान्य हो जाता है। 12 घंटे में कार्बन मोनोऑक्साइड का स्तर सामान्य हो जाता है। 2 से 12 हफ्ते में सर्कुलेशन बेहतर होकर फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ने लगती है। 1 से 9 महीनों में खांसी की तकलीफ कम हो जाती है।वैश्विक वयस्क






तंबाकू सर्वेक्षण 2 के अनुसार भारत में तंबाकू के उत्पादों से हर साल 1.3 मिलियन से ज्यादा लोगों की मृत्यु हो रही है। सर्वे के अनुसार प्रदेश में 50.2त्र पुरुष एवं 17.3त्र महिलाएं तंबाकू सेवन करते हैं। 24.7त्र वयस्क सार्वजनिक जगहों पर अप्रत्याशित धूम्रपान के संपर्क में आते हैं। ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे के अनुसार 55 हजार बच्चे हर साल नियमित रूप से तंबाकू सेवन करने वालों की सूची में जुड़ रहे हैं। इस वर्ष यह दिवस ÷बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना ÷ के उद्देश्य की पूर्ति के लिए मनाया जा रहा है। जिसमें यह सुनिश्चित किया जाना है कि तंबाकू के सेवन से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने एवं तंबाकू सेवन से रोकथाम के लिए नीतियों का सख्ती से पालन हो। कोटपा एक्ट 2003 के सख्त पालन हेतु 31 मई से 21 जून तक निरीक्षण दल द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की जाएगी। तंबाकू के उपयोग से श्वसन तंत्र की बीमारी जैसे अस्थमा, निमोनिया, ब्रोंकाइटिस, श्वसन तंत्र का बार-बार होने वाला संक्रमण, टीबी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। विभिन्न अध्ययनों से स्पष्ट हुआ है कि गर्भावस्था के समय धूम्रपान करने से शिशु पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। पुरुषों में नपुंसकता और महिलाओं में प्रजनन क्षमता में कमी या बांझपन जैसी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। तंबाकू छोड़ने की सलाह के लिए हेल्पलाइन नंबर 1800112356 पर कॉल कर सलाह ली जा सकती है ।

# अपराध नियंत्रण के लिए हमेशा अलर्ट पर रहें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पुलिस मुख्यालय में अधिकारियों की बैठक कर दिए निर्देश





**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अचानक पुलिस मुख्यालय पहुंचकर पुलिस महानिदेशक समेत बड़े अधिकारियों से चर्चा कर निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने लोकसभा निर्वाचन के सभी चरणों की प्रदेश में शांतिपूर्ण ढंग से पूर्णता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस बल को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने अपराधों पर नियंत्रण के लिए हमेशा अलर्ट रहने को कहा। उन्होंने सख्ती और सजगता के साथ बड़े कार्यक्रमों एवं आयोजनों की दृष्टिगत आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने पर विद्यार्थियों की सुरक्षा और स्कूल-कॉलेज परिसर में सद्भाव का वातावरण बना रहे, इसके लिये हरसंभव आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए। संभाग स्तर पर कानून व्यवस्था की समीक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों को सौंपे गए दायित्व और भूमिका की समीक्षा की जाए। आने वाले माह में त्योहारों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। मुख्यमंत्री ने अशोकनगर पुलिस अधीक्षक (एसपी) पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने थाना प्रभारी इछावर को भी निलंबित करने के लिये कहा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अपने कार्यक्षेत्र में रात्रि विश्राम के साथ ही निरीक्षण भी करें और कानून-व्यवस्था की दृष्टि से अधीनस्थ अधिकारियों और पुलिस बल से संवाद करते रहें। मुख्यमंत्री ने हाल ही में अशोकनगर में कुछ आपराधिक तत्वों द्वारा शस्त्र लहराने की घटना के संदर्भ में कहा कि अपराधियों में पुलिस का खौफ होना चाहिए। अवैधानिक कार्य में साथ देने वाले परिवार के व्यक्तियों के विरुद्ध भी कार्रवाई कर अपराधों पर अंकुश लगाया जाये। स्क्रीनिंग कर ऐसे व्यक्तियों की पृष्ठभूमि की जानकारी भी तत्काल सामने आना चाहिए। दोषियों को बिलकुल भी नहीं बख्शा जाये। पुलिस का एक्शन अविलंब होना चाहिए। वरिष्ठ अधिकारियों को अपने कार्यक्षेत्र में हुए अपराधों की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए अपराधिक घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए अधीनस्थ अमले को निरंतर सचेत करते रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय सोशल मीडिया का है। आमजन को अपराध नियंत्रण की जानकारी भी निरंतर मिलना चाहिए। अपराधिक घटनाओं के वीडियो प्रचारित होते हैं। साथ ही पुलिस बल द्वारा अपराध नियंत्रण के लिए की गई आवश्यक कार्रवाई को भी तत्परता से सोशल मीडिया पर प्रचारित एवं प्रसारित करना चाहिए। अक्सर पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही प्रचारित न होने से अपराधिक तत्वों के हौसले बढ़ते हैं। इस दिशा में ट्वीटर, फेसबुक और सोशल मीडिया के अन्य माध्यमों से की गई कार्यवाही की जानकारी भी नागरिकों तक पहुंचाई जाए। पुलिस मुख्यालय, जोन स्तर और जिला स्तर पर प्रतिदिन प्रेस विज्ञप्ति जारी करने की परम्परा सशक्त हो। पुलिस के एक्शन की जानकारी जन-जन तक पहुंचना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में मध्यप्रदेश में चारों चरण में निर्वाचन प्रक्रिया निर्बाध रूप से सम्पन्न हुई। उन्होंने इसके लिए पुलिस बल और अन्य शासकीय सेवकों की सराहना करते हुए बधाई दी।

# युवा जागरूकता कार्यक्रम के साथ मनाया सामाजिक कार्यकर्ता का जन्मदिन युवाओं ने लिया हिस्सा।

**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़**

उदयपुरा। निचले वर्ग के समाज पर हो रहे अन्य अत्याचार के खिलाफ युवा जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज में हो रहे अन्याय अत्याचार के खिलाफ लड़ने का है, अभी तक किसी भी प्रकार की रोक समाज पर हो रहे अन्याय के खिलाफ नहीं सरकार द्वारा नहीं लगाई जा रही है तब एक अपेक्षा यह की जाती है कि समाज में युवाओं को आगे आना होगा उनको समाज के उद्धार के लिए कार्य करना होगा इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विभिन्न युवाओं के माध्यम से की किस प्रकार से समाज को इन अन्याय अत्याचारों से उभारा जाए। युवाओं की सोच को विकसित करने के लिए समाज के वरिष्ठ समाज सेवियों का भी महत्वपूर्ण किरदार हो जाता है। इस बैठक का युवा जागरुकता के साथ पर समाजसेवी आदरणीय रमन वामने जी का जन्मदिन भी युवाओं ने बड़े ही धूमधाम से मनाया उन्होंने समाज को नई दिशा और दशा देने का काम किया। इस जागरूकता कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों में श्री





बालकृष्ण नरवरिया, श्री घनश्याम अहिरवार,श्री कडोरी लाल नरवरिया, श्री लखन केतोघानिया, नीलेश केतोघानिया, दीपक केतोघानिया, श्री पोहप सिंह चौधरी, श्री परसोत्तम नरवरिया, श्री महेंद्र ठुकरेल, श्री दीनदयाल नरवरिया, पटवारी, श्री दीनदयाल शिक्षक, श्री गोविंद अहिरवार, श्री कमलेश अहिरवार, श्री भुजबल अहिरवार, श्री वावूलाल अहिरवार, श्री मोतीलाल नरवरिया, जितेंद्र नरवरिया, बलराम अहिरवार, श्री दिनेश बघेल पार्षद, श्री अशोक अहिरवार ठेकेदार, डॉ दुर्गा प्रसाद, कीरत त्रिपालिया( लैब टेक्नीशियन), श्री धर्मेन्द्र बघेल (मेडिकल फील्ड वर्क), श्री संतोष अहिरवार, श्री भूरा अहिरवार, श्री हरिगोविंद त्रिपालिया, श्री नरेश अहिरवार, श्री गोपाल केतोघानिया, श्री गोविंद अहिरवार, नीलेश अहिरवार उपस्थित रहे।

# पक्षियों के लिए युवा रख रहे पानी के चकोरे प्रकृति के जीव जंतुओं को मिले सुखी जीवन।।

देवरी। एक ओर आज जहां पर्यावरण नष्ट होने की कगार पर है वहीं दूसरी ओर उसे पर्यावरण में रह रहे जीव जंतुओं का भी ध्यान रखना अति आवश्यक हो जाता है इसलिए इस तपती धूप में लगभग 45 डिग्री की गर्मी में मानव को बाहर निकलना मुश्किल हो गया है और पानी की समस्या जैसे अकाल पड़ गया हो वहीं दूसरी ओर प्रकृति के छोटे बड़े पक्षियों को पानी की बहुत आवश्यकता होती है इन्हीं आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवाचार के तौर पर युवाओं के द्वारा पानी के चकोरे रखे जा रहे हैं ताकि पक्षियों की प्यास बुझ सके और क्यों ना हो यह पहल पूरे भारत में होना चाहिए जिससे कि हम प्रकृति की जीव जंतुओं को नष्ट होने से बचा सकते हैं। गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी के चकोरे रखना एक सराहनीय और आवश्यक कार्य है। यह न केवल पक्षियों की प्यास बुझाता है, बल्कि उनके जीवन को बचाने में भी मदद करता है। जिनसे युवा पक्षियों के लिए पानी के चकोरे रखने का महत्व और तरीका समझ सकते हैं गर्मियों में पानी की कमी से पक्षियों को पीने के लिए पानी मिलना मुश्किल हो जाता है। पानी के चकोरे रखकर उनकी मदद की जा सकती है।।



# सतगुरु रविदास जी महाराज के अनुयाई महान संत परम पूजनीय शिवकुमार महाराज मंडला वाले पंचतत्व में हुए वाली विलीन अनुयाईयों ने दी समाधि।

**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़**

देवरी। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के अनुयाई, महाराज शिवकुमार जी, जिनको मंडला वालों के नाम से जाना जाता है कल देर रात को पंचतंत्र में विलीन हो गए यह मुख्य रूप से मंडला के निवासी थेलेकिन तहसील देवरी के टिमरावन में उनकी कर्मभूमि है, पूरे मध्य प्रदेश में अपने ऊर्जा और ज्ञान से समाज को दशा और दिशा देने का महत्वपूर्ण काम किया। आमतौर पर किसी भी व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर उसको मुखाग्नि दी जाती है पर महान संत शिवकुमार जी की अंतिम इच्छा थी कि उनको समाधि में विलीन किया जाए और समाज ने उनका सम्मान पूर्वक समाधि में विलीन किया और टिमरावन में उनकी समाधि बनाई जा रही है। उनके अनुयाई उनकी समाधि पर आकर एक नवीन ऊर्जा का संचार कर सकें।। उनके अंतिम दर्शन समाज के हजारों लोगों ने प्राप्त किए। उन्होंने समाज को कुरुतियों से बाहर निकलना और नवाचार के लिए प्रेरित किया। एक प्रमुख धार्मिक और समाज सुधारक थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में लोगों को शिक्षा और सही मार्गदर्शन देने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उनके अनुयाई उन्हें महान श्रद्धा और सम्मान के साथ मानते थे। महाराज शिवकुमार जी ने गुरु रविदास जी की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार किया


महान संत शिवकुमार महाराज जी (मंडलावाले)

और समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए महत्वपूर्ण संदेश दिए। उनके कार्यों और संदेशों का उद्देश्य समाज में समानता, एकता और भाईचारे को बढ़ावा देना था। उन्होंने लोगों को जाति-पाति और भेदभाव से ऊपर उठकर एक दूसरे के साथ प्रेम और सद्भावना से रहने की प्रेरणा दी। महाराज शिवकुमार जी ने शिक्षा को समाज सुधार का सबसे महत्वपूर्ण साधन माना। उन्होंने समाज के सभी वर्गों, विशेषकर दलित और पिछड़े वर्गों को शिक्षा के महत्व को समझाया और उन्हें शिक्षित होने के लिए प्रेरित किया। उनका मानना था कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे व्यक्ति अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकता है और समाज में सम्मानजनक जीवन जी सकता है। उनकी समाधि के अवसर पर, बहुत से अनुयाइयों ने उनके आशीर्वाद लिए और उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं का अनुसरण करने का संकल्प लिया। महाराज शिवकुमार जी ने लोगों को यह संदेश दिया कि कुरीतियों और अंधविश्वासों से मुक्त समाज ही उन्नति की राह पर चल सकता है। उन्होंने यह भी सिखाया कि हमें हमेशा सत्य और न्याय के मार्ग पर चलना चाहिए और अपने कर्मों के माध्यम से समाज की सेवा करनी चाहिए। महाराज शिवकुमार जी के योगदानों को समाज कभी नहीं भुला सकता। उनकी शिक्षाएँ और संदेश आज भी समाज में प्रासंगिक हैं और लोगों को एकता, समानता और न्याय की दिशा में प्रेरित करते हैं। उनकी समाधि एक पवित्र स्थल है जहां उनके अनुयाई आज भी उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए आते हैं और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं।

# दृष्टिमान नाट्य समारोह 2024 - दिनांक 2 जून - शाम 7 बजे - शहीद भवन

## आरंभ कल्चरल एंड वेलफेयर संस्था भोपालकी प्रस्तुति - नाटक - उसने कहा था





लेखक - पंडित चंद्रधर शर्मा गुलेरी
परिकल्पना एवं निर्देशन - विष्णु गर्ग

नाटक की कहानी एक फौजी से शुरू होती है-वो फौजी अपने बचपन में मामा के घर अमृतसर जाता हैं। वहां जब बाज़ार में एक हलवाई की दुकान पर दही लेने जाता है-तो वहां बाजार में एक तेज़ रफ्तार से तांगा आ रहा होता है और एक तरफ से लड़की आ रही होती है। वो बिना समय गवाएं तांगे के नीचे आने से लड़की को बचा लेता है। और तांगे वाले की खबर लेता है-और लड़की को समझाता है-कि इस प्रकार सड़क पार नही करते। वो जाते समय लड़की से पूछता है तेरी कुड़माई ही गई। लड़की धत पगले कह कर भाग जाती है। पर एक दिन वो लड़की गुस्से में बोल देती है। हा -हो गई मेरी सगाई-देखते नही ये मेरा कड़ा हुआ सालू। लड़का खड़ा ही रह जाता है। समय बीतता है लड़का फौजी बन जाता है-और अपने फौजी अफसर के घर जाता हैं तो वहां वो बचपन की उसकी प्रेमिका उसे पहचान लेती हैं। और कहती लहना मैं तुमसे बहुत प्यार करती थी। पर क्या करती। पर अब तुम लड़ाई पर जा रहे हो । मेरा तुमसे एक प्रार्थना करती हू की जिस तरह तुमने मुझे तांगे के नीचे आने से बचाया था। उसी प्रकार तुम मेरे पति और बच्चे की रक्षा करोगे। में तुमसे वचन मांगती हु। फौजी अपने वचन का पालन करता है। और अपनी जान पर खेलकर उसके पति और बच्चे को बचा लेता है। तब अफसर पूछता है। तुमने मझे अपनी जान देकर क्यों बचाया। तब वो बस इतना कहता है उसने कहा था।

### मंच पर -

लहना सिंह- फरहान बेग
सूबेदार - विष्णु गर्ग
लाजो- वर्षा मिश्रा
बाजीरा- दुर्गा शंकर लखेरा बबलू
बोधा सिंह- यशस्वी गर्ग
अंग्रेज अफसर- मुकुल त्रिपाठी / छोटा लहना- अनिरुद्ध दत्त गर्ग
छोटी लाजो- आस्था लखेरा
चाचा - एवं लाला-यतीन्द्र अत्रे
चाची एवं सेठानी-मौसमी परिहार
कीरत और पापड़वाला- विवेक लिटोरिया
फौजी 1- विनय नागर / फौजी 2-यश पटेल
तांगे वाले- शैख साबिर/विनय नागर
सब्जी वाला- शिखर नागर ,यश पटेल
बच्चा- यूसुफ-दिव्यांश लखेरा

### मंच परे-

प्रकाश परिकल्पना-सौलत यार खान
वेश भूषा-शेख़ साबिर वर्षा मिश्रा
रूप सज्जा -मुबीना खान
मंच व्यवस्था-फरहान बेग
मंच उपकरण-अनिरुद्ध दत्त गर्ग फरहान बेग दुर्गा शंकर लखेरा बबलू
संगीत संपादन-अनिरुद्ध दत्त गर्ग
संगीत संचालन -उमंग
लोकभजन-ओमवती देवी गर्ग
मंच निर्माण-फरहान बेग-विनय नागर यश पटेल-विवेक लिटोरिया

## जाग मूलनिवासी

मूलनिवासी जागेगा
मनुवादी व्यवस्था भागेगा
हम जगह देंगे तभी
बैरी हमारे घर में झांकेगा
पाखंडवाद की माला ले
भक्ति में झुल रहे हैं
अलौकिक को अपनाकर
मौलिक को भुल रहे हैं,
चमत्कार और पाखंडवाद
हमारे भुख मिटा पायेगा?
अलौकिक शक्ति से तु
दो वक्त की रोटी
क्या जुटा पायेगा ?
छोड़ दो सब आडंबर
एक दिन पछतायेगा
मूलनिवासी जागेगा
मनुवादी सरकार भागेगा
हक अधिकार की सुधि लो
विज्ञान संविधान मे रुची लो
शिक्षा पर सब जोर लगा दो
शिक्षा की भंडार ही
खुशियों का अंबार है
शिक्षा हासिल जब
कर लोगे
कोई तुम्हारे बाल
न बाका कर पायेगा
मूलनिवासी जागेगा
मनुवादी व्यवस्था भागेगा
निकाल फेंको अपने घरो से
काल्पनिक चरित्रों को
टांग दो दिवारो पर
मूलनिवासी महापुरुषों
के तस्वीरों को
याद उन्हें करो जो
वास्तविक हो
निकाल फेंको दिलो से
जो काल्पनिक हो
यह परिवर्तन लाना होगा
मूलनिवासी वीरो को
निकालने होंगे घरो से
मिथकिय फकिरो को
जागो और जगाओ
तुम अपने जमीरो को
फिर देखो दुश्मन कैसे
हमारे घरो में ताकेगा
मूलनिवासी जागेगा
मनुवादी व्यवस्था भागेगा
हम जगह देंगे तभी
बैरी घर में झांकेगा

**हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**

# जनादेश : 2024 और आगे की राजनीति

**05 जून 2024, भावना मंगलमुखी, मुंबई**




**एक नज़र चुनाव परिणामों पर --**

भारत की अठारहवीं लोकसभा के लिए संपन्न हुई सदी की सबसे लंबी और विवादास्पद चुनाव प्रक्रिया का सुखद समापन 04 जून 2024 को चुनाव परिणाम सामने के साथ हुआ। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर करीब एक महीने पूर्व मेरे द्वारा किए गए विश्लेषण की कई बातें लगभग - लगभग सटीक साबित हुई --

- चुनाव बिलकुल भी एकतरफा नहीं होगा।
- 400 पार का नारा जुमला साबित होगा।
- लगभग 500 से अधिक सीटें दोनों गठबंधनों में बंटेगी।
- बीजेपी को अपने दम पर पूर्ण बहुमत नहीं मिलेगा।
- किसी भी तरह एनडीए बहुमत पा सकता है।
- एनडीए की घटक दलों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी।
- अगर एनडीए के सहयोगी बीजेपी को धोखा दे तो इंडिया की सरकार भी बन सकती है।
- मायावतीजी को अब तक का सबसे बड़ा झटका लगेगा।
- कांग्रेस को 90-100 सीटें तो बीजेपी को मिल सकती है 231(+/-10) सीटें।
- **बीजेपी के लिए सीट गणना का फार्मूला --**
  4 जून 2024
  4.6.24
  आवश्यकतानुसार चिन्हों का प्रयोग करने पर
  (4+6)24
  10-24 = 240
  बिलकुल सटीक साबित हुआ।
- इंडिया के अन्य सदस्यों को 140(+/-10) सीटें मिल सकती है।
- उपरोक्त पूर्वानुमान के अनुरूप एनडीए गठबंधन को 293 सीटें, इंडिया गठबंधन को 234 सीटें और 16 सीटें अन्य दलों या निर्दलीय प्रत्याशियों के खाते में गई।
- बीजेपी 240 पर तो कांग्रेस 99 पर ही अटक गई। करीब 130 से अधिक सीटें इंडिया गठबंधन के अन्य दलों को मिली तो लगभग 60 से अधिक सीटें एनडीए गठबंधन के सहयोगियों को मिली।
- इस लोकसभा चुनाव में चार प्रमुख क्षेत्रीय दल उड़ीसा में बीजेडी, तमिलनाडु में एआईडीएमके, तेलंगाना में बीआरएस और उत्तर प्रदेश में बीएसपी एक भी सीट न पाकर अपना खाता खोलने में नाकाम रही।
- इस परिणाम के साथ अब यह दावा किया जा सकता है कि अब मोदी मैजिक अपने अवसान की ओर है।
- अगर नीतीश कुमार ने इंडिया गठबंधन का साथ नहीं छोड़ा होता तो इंडिया गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलना निश्चित था।
- इस चुनाव में जनता ने एक बार दिखा दिया कि लोकतंत्र की असली मालिक वही है। उसने एक तानाशाह और स्वघोषित भगवान को भी बैसाखी के सहारे कर उनकी औकात दिखा दी।
- उपरोक्त तथ्यों से यह भी स्पष्ट होता है कि जनता में सरकार को लेकर भयंकर नाराज़गी थी। जिसको भांपने में गोदी मीडिया और उसके तथाकथित एक्सपर्ट व पोलस्टर्स नाकाम रहे।
- जनसंख्या और लोकसभा सीटों के लिहाज से सबसे बड़े चार राज्यों उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बंगाल और तमिलनाडु में बीजेपी का प्रदर्शन बहुत बुरा रहा। यानि क्षेत्रीय अस्मिता मोदीजी के हिंदुत्व पर भारी पड़ी।
- अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बावजूद उत्तर प्रदेश और विशेषकर अयोध्या सीट पर भाजपा की करारी हार ने साबित कर दिया कि कमंडल पर मंडल भारी पड़ा।
- इससे एक यह भी संकेत मिलता है कि किसी को भी धर्म की अफ़ीम की चासनी पिलाकर बहुत लंबे समय तक बेहोशी में नहीं रखा जा सकता है। आज भी जनता नफरत के बजाय गंगा - जमुनी तहज़ीब और मोहब्बत को ही पसंद करती है और चाहती भी है।
- पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में बीजेपी की करारी हार ने स्पष्ट बता दिया कि बेरोजगारी, अग्निवीर, पेपर लीक, किसानों और पहलवानों के मुद्दें इस सरकार के लिए धमकी साबित हुए है।
- मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड में अपेक्षाकृत ज्यादा नुकसान न होना यह साबित करता है कि आदिवासी समुदाय का एक बड़ा हिस्सा आरएसएस के सांप्रदायिक एजेंडे और षड्यंत्र के शिकंजे में है।
- विगत ढ़ाई वर्षो में महाराष्ट्र में जिस प्रकार बीजेपी द्वारा शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस को तोड़ने की राजनीति की गई, जनता ने उसे नकार दिया। साथ ही उसने यह भी बता दिया कि बालासाहेब ठाकरे के असली वारिस और शिवसेना के असली हकदार उद्धव बालासाहेब ठाकरे ही है। शरद पवार की प्रासंगिकता भी अभी समाप्त नहीं हुई है। राष्ट्रवादी पार्टी के सर्वेसर्वा, सबसे लोकप्रिय और असली नेता वही है।
- कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना में अपनी सरकार होते हुए भी कांग्रेस अति आत्मविश्वास के चलते अपेक्षाकृत सफलता हासिल नहीं कर पाई जबकि राजस्थान में विधानसभा चुनाव में झटका खाने के पश्चात बेहतर सफलता हासिल की।
- राजस्थान में वसुंधरा की नाराजगी और भजनलाल की अनुभवहीनता भी कांग्रेस के लिए वरदान साबित हुई।
- दिल्ली में जहां बीजेपी ने अपने मौजूदा 7 में से 6 सांसदों का टिकिट काटा था, वहां वह आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन के बावजूद सारी सीटें जीतने में सफल रही जबकि उत्तर प्रदेश में बीजेपी ने अधिकांश पुराने सांसदों पर ही दांव लगाया और वहां उनकी करारी हार हुई।

## इंजीनियर राहुल अहिरवार एवं पप्पू अहिरवार के प्रयास से ग्राम रैदासपुरा में रूड़ीवादी कुरूति मुंडन एवं मृत्यु भोज पर रोक लगाया गया,

आज दिनांक 03/06/2024 को ग्राम रैदासपुरा तहसील बिजावर जिला छतरपुर मैं इंजीनियर राहुल अहिरवार एवं पप्पू अहिरवार के प्रयास से समस्त ग्रामवासियों को समझाया गया,जिससे ग्राम रैदासपुरा में सहङ्कसहमति से निर्णय लिया गया कि ग्राम रैदासपुरा में कोई भी ग्रामवासी किसी भी ग्रामवासी की मृत्यु हो जाने पर उसके परिवार पर पुरानी रूड़ीवादी कुरूती के अन्तर्गत मुंडन करवाने एवं तेरहवीं के भोजन करवाने के लिए दबाव नहीं बनायेगा अगर कोई भी पंच दबाव बनाता है, तो संबंधित पीड़ित शासन में उसके प्रति कानूनी कार्यवाही कर सकता है, ओर जिसके लिए पंच शासन के सहयोग हेतु बाध्य होंगे, और संबंधित दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।



# गाना बजाने को लेकर हुआ विवाद, पलटा डीजे वाहन, गंभीर चोट लगने से दो की मौत, ग्रामीणों ने वाहन फूंका

**बैतूल।** जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जामुनढाना में गुरुवार रात्रि में शादी समारोह में डीजे पर गाने बजाने को लेकर विवाद हो गया। डीजे वाहन चालक ने वाहन को तेज रफ्तार में पीछे लिया, जिससे कुछ लोगों को टक्कर लग गई। वाहन ढलान पर जाकर पलट गया और उसके नीचे एक नाबालिग समेत दो महिलाएं दब गईं। लोगों ने जैसे-तैसे उन्हें बाहर निकाला। डीजे वाहन के नीचे दबने और टक्कर लगने से रेशमा पिता राजू इवने (17), वर्षीय रामरती बाई (55) और शांता बाई (30) घायल हो गईं। सभी को शाहपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर रेशमा को जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। उधर, शाहपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती रामरती बाई की भी देर रात मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने डीजे वाहन में





आग लगा दी।

### पुलिस ने शांत कराया मामला

रात्रि में सूचना मिलने पद शाहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन में आग बुझाने के साथ ही ग्रामीणों को शांत कराया। एसडीओपी मयंक तिवारी ने बताया कि रात्रि में डीजे पर गाना बजाने को लेकर विवाद हुआ। इस पर डीजे वाहन वापस ले जाने के लिए जब चालक ने रिवर्स लिया तो वह लोगों को टक्कर मारते हुए पलट गया। उसमें दबने से घायल एक किशोरी की बैतूल अस्पताल ले जाते हुए और एक महिला की शाहपुर अस्पताल में मौत हुई है। एक अन्य घायल महिला का उपचार किया जा रहा है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# टाइगर रिजर्व की सरिता को मिला पर्यावरण संरक्षण वीरांगना सम्मान



**बिलासपुर।** अचानकमार टाइगर रिजर्व की वनरक्षक सरिता पैकरा को पर्यावरण संरक्षण वीरांगना सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया है। 31 मई को महारानी अहिल्या देवी होलकर की जयंती के 300 वें वर्ष के उपलक्ष्य में रायपुर के मैट्स विश्वविद्यालय सभागार कक्ष में में आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह सम्मान दिया गया है। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि नारीशक्ति कार्य विभाग की ओर से आयोजित हरित संवाद कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण वीरांगना सम्मान 2024 के लिए अचानकमार टाइगर रिजर्व के डाग स्क्वाड दल में कार्यरत वनरक्षक सरिता पैकरा का चयन किया गया था। उनका चयन सखी फाउंडेशन ने प्रदेश स्तर पर किया। पर्यावरण संरक्षण वीरांगना सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि कौशिल्या साय थीं। वहीं अध्यक्षता डा. अरुणा पटला, दुर्ग विश्वविद्यालय कुलपति ने की। हरित संवाद कार्यक्रम में पर्यावरण पूरक आदतों, पर्यावरण प्रहरियों के विचार विमर्श, प्रांत में पर्यावरण के क्षेत्र में उत्प्रेरक कार्य क्षेत्र के लिए अचानकमार टाईगर रिजर्व की वनरक्षक सरिता पैकरा को सम्मानित किया गया। सरिता पैकरा को यह सम्मान मिलने से क्षेत्रीय निदेशक मनोज पांडेय, उप निदेशक गणेश यूआर ने प्रशंसा जाहिर की। उन्होंने कहा कि महिला वनरक्षक से अचानकमार टाइगर रिजर्व का मान बढ़ाया है। इससे अन्य वनकर्मी भी प्रेरित होंगे।

# मार्निंग वाक पर निकले युवक पर चाकू से हमला




**रायपुर।** राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र के कौशल्या विहार में मार्निंग वाक पर निकले युवक पर चाकू से हमला कर फोन लूट लिया गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। टिकरापारा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय तेजकुमार डड़सेना रविवार सुबह घर के पास टहल रहा था। इसी दौरान बाइक से चेहरा बांध कर आए दो बदमाशों ने मोबाइल छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर चाकू से हमला कर फोन लूट लिए। इसके बाद मौके से फरार हो गए।

## एक घंटे में तीन को मारा चाकू

उरला थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात लिफ्ट के लिए खड़े ट्रक ड्राइवर पर दो बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार उन्हीं बदमाशों ने घूम-घूम कर दो और जगहों पर चाकूबाजी की है। एक का इलाज वहीं निजी अस्पताल में चल रहा है। हालांकि पुलिस ने मामले में केवल एक एफआइआर दर्ज की है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के व्यस्तम इलाके में लूट की वारदात हुई है। प्रार्थी लुहास साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट के अनुसार वह शनिवार की रात करीबन 10.45 बजे राजेंद्र नगर आफिस से अपने घर जा रहा था कि शंकर नगर विद्या अस्पताल के पास मां का फोन आया तो वह रूक कर बात करने लगा। इसी दौरान बिना नंबर की बाइक में तीन युवक आए और मोबाइल लूटने लगे। विरोध करने पर तीनों ने मारपीट की और आई फोन लूटकर फरार हो गए। आरोपित आपस में एक-दूसरे का नाम भाविक नायक, रोहित हरपाल, कुनाल हरपाल पुकार रहे थे। इसमें से एक लड़का वहां से भाग गया था एवं मौके पर पुलिस पेट्रोलिंग के आने पर भाविक नायक और कुनाल हरपाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# नशे का कारोबार करने वालों ने युवक को कमरे में बंद कर पीटा, बोले- तू पुलिस का मुखबिर है

**भिलाई।** इंटरनेट मीडिया पर एक युवक की पिटाई का वीडियो प्रसारित हुआ है। यह वीडियो पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के सीएसईबी कालोनी भिलाई-3 का है। हालांकि ये वीडियो करीब दो से ढाई महीने पुराना बताया जा रहा है, लेकिन अब इस वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। पीड़ित युवक को बयान के लिए थाना बुलाया गया है और उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। भिलाई पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आयुष तिवारी, मंगल और बंगाली दादा नाम के तीन युवकों ने उसे कमरे में बंद कर पीटा था। तीनों आरोपितों ने उसे यह कहते हुए मारा था कि वो पुलिस को उनके बारे में जानकारी देता है कि वे लोग नशे का अवैध कारोबार करते हैं। दो से ढाई महीने पहले हुई इस घटना की पीड़ित युवक ने भी कोई शिकायत नहीं की थी। हालांकि आरोपितों ने खुद ही मारपीट के दौरान का वीडियो बनाया था और अब जाकर ये वीडियो प्रसारित हो गया। जिसके बाद पुलिस ने इसकी जांच शुरू की है। मारपीट में जिन तीन युवकों का नाम आ रहा है, उनमें आयुष तिवारी को पुलिस ने हाल ही में बाइक चोरी के मामले में जेल भेजा था। पुरानी भिलाई थाना प्रभारी पीडी चंद्रा ने बताया कि पीड़ित युवक युवराज ठाकुर को बयान के लिए थाना बुलाया गया है। उसके बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# बिजली की नई दरों से उद्योगों पर बढ़ेगा भार रेलवे-टेलीकाम की छूट में होगी कटौती

**नईदुनिया/रायपुर।** बिजली की नई दरों में जनहित की योजनाओं में छूट जारी रखी गई है, वहीं उद्योगों पर सालाना 850 करोड़ रुपये का भार आने की संभावना है। साथ ही रेलवे, टेलीकाम आदि सेक्टरों को दी जा रही छूट में कटौती की गई है। औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने लोड फैक्टर में छूट आदि को समाप्त करने को लेकर इसे उद्योगों पर भार बताया है, वहीं रेलवे, टेलीकाम सेक्टर पर भी बढ़ी हुई दरों का असर आएगा। जनहित की योजनाओं पर आयोग ने छूट जारी रखने का सुझाव दिया है। उच्च दाब स्टील उपभोक्ताओं की विद्युत दरों में 25 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है साथ ही लागू लोड फैक्टर रिबेट में परिवर्तन करते हुए लोड फैक्टर रिबेट की अधिकतम सीमा 10 प्रतिशत निर्धारित की गई है। राज्य विद्युत उपभोक्ता महासंघ के विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य विद्युत वितरण कंपनी के 4,420 करोड़ रुपये के घाटे का अनुमान के परीक्षण के बाद इसे 2,819 करोड़ रुपये पाया गया, जिसमें से 1,000 करोड़ रुपये की पूर्ति राज्य सरकार ने कर दी। बचे 1,819 करोड़ रुपये में से राज्य के स्टील उद्योगों पर लगभग 800-850 करोड़ रुपये और किसान, गरीब, हाफ बिजली बिल आदि को सब्सिडी के रूप में सरकार पर 500-600 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा। इसकी भरपाई उद्योग व अन्य क्षेत्रों में दी गई छूट को कम करने से मिलने वाले राजस्व से होगी। मोबाइल टावर के ऊर्जा प्रभार में 25 प्रतिशत की कमी की गई है। नियामक आयोग के अधिकारियों के मुताबिक 1 अप्रैल 2019 के बाद नक्सल प्रभावित जिलों में संचार व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मोबाइल टावर की स्थापना को प्रोत्साहित करते हुए ऊर्जा प्रभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जाती थी। इसे घटाकर अब 25 प्रतिशत किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उपभोक्ता महासंघ अध्यक्ष व विद्युत टैरिफ एवं नियामकीय विशेषज्ञ श्याम काबरा ने कहा, लगभग 8.5 प्रतिशत की वृद्धि संतोषजनक कही जा सकती है, क्योंकि पिछले साल राजनीतिक कारणों से बिजली दरों में कोई वृद्धि नहीं हुई थी। फिर भी यदि राज्य विद्युत नियामक हमारे द्वारा दिए गए सुझाव व उपायों पर अमल करता तो शून्य वृद्धि भी संभव थी। लोड फैक्टर में दी गई छूट कम करने से उद्योगों पर सालाना लगभग 850 करोड़ रुपये का भार आएगा।



# नर्सिंग कालेज का छत गिरा, छह वर्षीय मासूम बालक की मौत दूसरा घायल, कालेज में रह कर मजदूरी करते है माता-पिता

**रायगढ़।** नवतपा में बदले मौसम का मिजाज ने शहर के लिए आफत और कहर बनकर बरसा है। जिसमें आंधी तूफान से नर्सिंग कालेज का क्रांकिट स्लैब बालक के उपर गिरने से उसकी मौत होने का मामला सामने आया है जबकि ढाई साल का एक बच्चा बुरी तरह से चोटिल होने से मेट्रो में भर्ती है। योगेश पेशे से रोजी मजदूरी का कार्य करता है, वह सपत्नीक दो बच्चे के साथ नर्सिंग कालेज ग्राम चिटकाकानी में कुछ माह से मजदूरी का कार्य वहां रहकर कर रहा था। वहीं सपत्नीक शनिवार को काम खत्म करने के बाद वे शाम को बैठे थे। इसी बीच आंधी तूफान आने से नर्सिंग कालेज का छत गिर गया। छत का मलबा योगेश के 6 वर्षीय बालक मयंक तथा उसके ढाई साल के भाई पर भरभरा कर गिर गया। इस हादसे में दोनो भाई जब तक संभल पाते और स्वजन कुछ हरकत करते तब तक अनहोनी हो गई थी। जहां मयंक के सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई वही उसका छोटा भाई चोटिल हो गया है। जिसे सघन उपचार के लिए मेट्रो में भर्ती किया गया है। फिलहाल चक्रधर नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ली है।



# सगाई के बाद शादी के लिए जबरन उठा ले आए लड़के वाले, तो लड़की ने कर ली खुदकुशी

**जगदलपुर।** बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर से 40 किलोमीटर दूर मारडूम थाना क्षेत्र के ग्राम मारीकोडर में एक लड़की ने शादी के लिए जबरन घर से उठाकर ले जाने पर नाराज होकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में लड़की को प्रताड़ित करने की बात सामने आने पर पुलिस ने लड़के पक्ष के सात लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। जगदलपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामला एक माह पुराना है। मारीकोडर निवासी आदिवासी बल्ली मंडावी ने अपने बेटे आयतु मंडावी (19) का विवाह गांव की ही लड़की से तय किया था। दोनों की सगाई भी कर दी गई थी। लड़के पक्ष वाले शादी के लिए लड़की पक्ष पर लगातार दबाव बना रहे थे, लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की बात कहकर लड़की पक्ष वाले अभी शादी करने को लेकर तैयार नहीं थे। लड़की भी लड़के पक्ष द्वारा शादी के लिए दबाव डालने से नाखुश थी। 25 अप्रैल को लड़की को उसके चाचा के घर स्कूलपारा से लड़का पक्ष वाले ले गए, इस दौरान स्वजन ने काफी मना भी किया, लेकिन लड़के पक्ष वाले नहीं माने और लड़की को इच्छा के विरुद्ध उसे अपने साथ घर ले जाकर कमरे में बंद कर दिया।

# पापा बने एक्टर वरुण धवन, पत्नी नताशा ने दिया बेटी को जन्म



**नेशनल डेस्कः** बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन पापा बन गए हैं। उनकी पत्नी नताशा दलाल ने बेटी को जन्म दिया है। गौरतलब है कि वरुण ने कुछ समय पहले नताशा के प्रेगनेंसी की जानकारी अपने इंस्टाग्राम पर दी थी। वरुण ने एक बेहद ही खूबसूरत फोटो शेयर की थी, जिसमें वे अपनी पत्नी नताशा के बेबी बंप को किस करते हुए दिख रहे थे। तब से नताशा की प्रेगनेंसी सुर्खियों में बनी हुई थी। वरुण-नताशा के पेरेंट्स बनने के बाद उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया है। फैन्स से लेकर सेलेब्स तक कपल को शुभकामनाएं दे रहे हैं। इससे पहले नताशा को 3 जून की सुबह अस्पताल ले जाया गया क्योंकि उन्हें लेबर पेन होने लगा था। पत्नी के साथ रहने के लिए एक्टर वरुण धवन ने अपने सारे काम-धाम को आगे शेड्यूल कर दिया है। अब ऐसे में फैंस एक्टर की ओर से खुशखबरी सुनने का इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि वरुण और नताशा ने 24 जनवरी, 2021 को एक निजी समारोह में शादी की। दोनों कोरोनोवायरस महामारी के दौरान परिवार के कुछ सदस्यों और दोस्तों की मौजूदगी में अलीबाग में शादी के बंधन में बंधे थे। वहीं एक्टर के काम की बात करें तो वरुण धवन जल्द ही %बेबी जॉन% में नजर आएंगे। इस फिल्म में एक्टर के अलावा कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और फसराजपाल यादव सहित कई स्टार्स अहम भूमिका में नजर आएंगे।

# नेटफ्लिक्स और संजय लीला भंसाली ने की हीरामंडी द डायमंड बाजार के सीजन 2 की घोषणा




**नई दिल्ली/टीम डिजिटल।** हीरामंडी द डायमंड बाजार ने 1 मई को रिलीज होने के बाद से पूरी दुनिया को अपनी तरफ खींच लिया है। रिलीज के सिर्फ एक हफ्ते में, ये 43 देशों में नेटफ्लिक्स की टॉप 10 टीवी (नॉन-इंग्लिश) लिस्ट पर तेजी से चढ़ गई और इसके साथ ही यह ग्लोबल लेवल पर सबसे ज्यादा देखी गई इंडियन सीरीज बनकर सामने आई। शो के लॉन्च के बाद से ही, यह सीरीज इंडिया टॉप 10 लिस्ट में नंबर 1 पर है। यह शो सिर्फ पॉपुलर नहीं है बल्कि यह कल्चर पर भी गहरा असर डाल रहा है। फैंस मल्लिका जान और फरदीन के डायलॉग्स, बिब्बोजान की दिलकश चाल, साथ ही सकल बन और एक बार देख लीजिए के दिल छू लेने वाले म्यूजिकल पेशकश और शानदार कॉस्ट्यूम्स को रीक्रिएट कर रहे हैं। हीरामंद- द डायमंड बाजार के सीजन 1 को फैंस द्वारा मिले खूब सारे प्यार ने उसे सफल बनाया है। ऐसे में नेटफ्लिक्स इंडिया ने खुशी जाहिर करते हुए इसके दूसरे सीज़न की भी घोषणा कर दी है। मुंबई के कार्टर रोड पर, 100 डांसर्स ने एक शानदार फ्लैश मॉब किया, जिसमें सब अनारकली और घुंघरू पहने थे। उन्होंने सीरीज के गानों के मिश्रण पर नाच के साथ संजय लीला भंसाली की हीरामंडी द डायमंड बाजार का लाजवाब तरीके से जश्न मनाया। जब दर्शकों ने भी गाना शुरू किया, तब डांसर्स ने सीजन 2 के बारे में एक्साइटिंग न्यूज सुनाई, जिसे जानने के बाद सभी हैरान हो गए।

# सान्या मल्होत्रा ने मिसेज के लिए न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल 2024 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का जीता पुरस्कार

**नई दिल्ली/टीम डिजिटल।** अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा के लिए यह गर्व और खुशी का एक बड़ा पल है क्योंकि उन्होंने हाल ही में आयोजित न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल 2024 में मिसेज में अपनी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता है। वह अपने बहुमुखी प्रदर्शन और कला के प्रति समर्पण के लिए जानी जाती हैं। यह नवीनतम उपलब्धि सान्या के बढ़ते करियर ग्राफ में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।



यह न केवल उनकी अभिनय क्षमता को उजागर करता है, बल्कि फिल्म पर भी प्रकाश डालता है, जो अपनी शक्तिशाली कथा और प्रदर्शन के लिए वैश्विक स्तर पर ध्यान आकर्षित कर रही है। दादा साहब फाल्के पुरस्कार विजेता, जिन्होंने लगातार दमदार अभिनय से अपनी काबिलियत साबित की है, उन्होंने आरती कदव के निर्देशन में बनी फिल्म में एक अभिनेत्री के रूप में अपनी गहराई और बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जो जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है! यह फिल्म, जो मलयालम फिल्म %द ग्रेट इंडियन किचन% की रीमेक है, सान्या के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो समाज और उसके वैवाहिक जीवन द्वारा लगाई गई चुनौतियों और अपेक्षाओं का सामना करती है। जैसे ही वह एक पत्नी के रूप में अपनी भूमिका से जूझती है, वह पारंपरिक मानदंडों के अनुरूप होने के दबाव के बीच अपनी आवाज और पहचान खोजने का प्रयास करते हुए, आत्म-खोज की यात्रा पर निकलती है। जब से फिल्म को विभिन्न फिल्म समारोहों में प्रदर्शित किया गया है, तब से सान्या मल्होत्रा ??को दर्शकों, उनके प्रशंसकों और आलोचकों से समान रूप से प्रशंसा मिल रही है।

### शाबाश सचिव जी....बहुत अच्छा किए,

# दिल्ली पुलिस भी हुई अभिषेक त्रिपाठी की फैन

**इंदौर।** इस समय पंचायत का सीजन 3 अमेजन प्राइम पर काफी चर्चा में बना हुआ है। 28 मई को रिलीज हुआ इस सीरीज का तीसरा सीजन काफी पसंद किया जा रहा है। एक बार फिर सचिव जी, प्रधान जी और मंजू देवी ने दर्शकों का काफी अच्छा मनोरंजन किया है। सीरीज के माध्यम से एक बार फिर मेकर्स ने पंचायत की राजनीति दिखाई है। इस सीजन में विधायक और सचिव-प्रधान के बीच के मतभेद का दिखाया गया है। वहीं, अपने बेटे की मौत के गम से नहीं उभर पाने के कारण प्रहलाद जी की हालत भी काफी खराब दिखाई गए है।



### पसंद आया पंचायत 3 का यह सीन

पंचायत के कई सीन्स को काफी पसंद किया जा रहा है। इन सीन्स में दर्शकों ने बहुत कनेक्टेड फिल किया है। पंचायत 3 का एक सीन ऐसा भी रहा है, जिसे देख दिल्ली पुलिस भी इंप्रेस हो गई। उन्होंने सचिव जी की तारीफ करते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। पिछले दो सीजन की तरह इस बार भी दर्शकों को पंचायत की कहानी पसंद आ रही है। सीरीज के एक सीन पर दिल्ली पुलिस ने भी अपना रिव्यू दिया है। दरअसल, सीरीज में एक जगह यह दिखाया गया है कि एक बूढ़ी दादी की गैस की दवाई खाने के बाद तबीयत बिगड़ जाती है और सचिव जी उन्हें अस्पताल ले जाने के लिए ट्रांसपोर्ट का इंतजाम करते हैं।

### दिल्ली पुलिस ने की सचिव जी की तारीफ

सचिव जी एक ड्राइवर से पूछते हैं, जिसने पहले से ही शराब पी रखी होती है। जब वे उप-प्रधान प्रहलाद से पूछते हैं, तो उन्होंने भी पूरी बोतल पी रखी होती है। यह देखकर वे दोनों को ड्रिंक एंड ड्राइव नहीं करने देते हैं और खुद ही दादी को लेकर अस्पताल पहुंचते हैं। इस सीन को दिल्ली पुलिस ने अपने एक्स हैंडल पर शेयर किया है और शराब पीकर गाड़ी न चलाने का निवेदन किया है। इसे शेयर करने के साथ ही उन्होंने सचिव जी की तारीफ की है और लिखा है, ÷शाबाश! सचिव जी....बहुत अच्छा किए।

# तेलुगु एक्टर बालकृष्ण ने एक्ट्रेस अंजलि को स्टेज पर दिया धक्का, जमकर भड़के फैंस

**इंदौर।** तेलुगु सिनेमा के शानदार एक्टर नंदमुरी बालकृष्ण इस समय काफी चर्चा में आ गए हैं। वैसे तो वे अक्सर ही किसी न किसी वजह से लाइमलाइट में बने रहते हैं, लेकिन इस बार फैंस भी भड़क उठे हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अंजलि और बालकृष्ण का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इसमें एक्टर, अंजलि को स्टेज पर भरी महफिल में धक्का देते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के वायरल होने के बाद हर कोई उन्हें काफी ट्रोल कर रहा है।

### भरी महफिल में दिया धक्का


सामने आए इस वीडियो में नंदमुरी बालकृष्ण अपनी अपकमिंग फिल्म



%गैंग्स ऑफ गोदावरी% के इवेंट के दौरान स्टेज पर अपनी कास्ट के साथ नजर आते हैं। स्टेज पर कई सारे लोग मौजूद होते हैं। वहीं, वे अंजलि से कहते हैं कि स्टेज पर थोड़ी जगह कर दें। अंजलि उनके साथ खड़ी एक्ट्रेस नेहा शेट्टी के साथ जगह बनाने की कोशिश करती हैं, लेकिन उन्होंने साड़ी पहनी होती है, जिसके कारण वे थोड़ा धीरे चल रही थीं। इसी दौरान नंदमुरी बालकृष्ण उनको धक्का दे देते हैं। अचानक धक्का लगने से एक्ट्रेस का बैलेंस बिगड़ जाता है और वे गिरते-गिरते बचती हैं।

# वोटों की गिनती के बीच सेंसेक्स 2600 अंक धड़ाम, निफ्टी 23,000 के नीचे

**मुंबई।** मंगलवार (4 जून) को लोकसभा चुनाव के नतीजे आ रहे हैं। आज का दिन स्टॉक मार्केट के लिए अहम रहने वाला है। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1704 अंक गिरावट के साथ 74,764.07 के स्तर जबकि निफ्टी 505.50 अंक गिरा ये 22,758.40 के स्तर पर खुला। खुलने के कुछ समय बाद ही सेंसेक्स 2000 से भी ज्यादा अंक गिर गया। करीब 9.30 बजे सेंसेक्स 2695.57 (3.53त्न) अंक गिरकर 73,773.21 के स्तर, वहीं निफ्टी 769.35 (3.31त्न) अंक गिरकर 22,494.55 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। आज देशभर में 543 सीटों पर डाले गए वोटों की मतगणना होगी, ऐसे में स्टॉक मार्केट में बड़ी हलचल देखने को मिल सकती है। त्नद्धस्रञ्ज ह्वद्दद्ग4 170 अंकों की उछाल के साथ 23,500 के ऊपर था।




## FIIs ने 6850.76 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे

विदेशी संस्थागत निवेशक और घरेलू संस्थागत निवेशक खरीदारी कर रहे हैं। हस्थ्र पर उपलब्ध अंतरिम आंकड़ों के अनुसार 3 जून, 2024 को FIIs ने 6850.76 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे जबकि DIIs ने 1913.98 करोड़ रुपए की खरीदारी की। लोकसभा चुनाव नतीजों से एक दिन पहले 3 जून को सेंसेक्स 2,777 पॉइंट की तेजी के साथ 76,738 और निफ्टी 808 पॉइंट चढ़कर 23,338 पर पहुंच गया था। दोनों का ये ऑल टाइम हाई था।

# जापान एयरलाइंस ने इंडिगो के साथ किया 'कोडशेयर समझौता

**मुंबई।** जापान एयरलाइंस ने इंडिगो के साथ 'कोडशेयर% समझौता किया है। इससे जापान की विमानन कंपनी को घरेलू एयरलाइन नेटवर्क के 14 गंतव्यों तक सेवाएं विस्तारित करने में मदद मिलेगी। जापान एयरलाइंस वर्तमान में तोक्यो से दिल्ली और बेंगलुरु के लिए अपनी सेवाएं संचालित करती है। वह हनेदा हवाई अड्डे से राष्ट्रीय राजधानी के लिए दैनिक उड़ान सेवाएं, जबकि नारिता हवाई अड्डे से बेंगलुरु के लिए सप्ताह में तीन उड़ानें संचालित करती हैं। बयान में कहा गया, ''जापान एयरलाइंस (जेएएल) और इंडिगो ने कोडशेयर साझेदारी पर सहमति व्यक्त की है। इससे जापान और भारत के बीच अधिक यात्रा विकल्प उपलब्ध होने से लोगों को फायदा होगा।%% विमानन कंपनी इंडिगो के नेटवर्क योजना तथा राजस्व प्रबंधन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिजीत दासगुप्ता ने कहा, ''जापान एयरलाइंस के साथ इंडिगो इस समझौते से कोडशेयर भागीदारी के अपने खंड का विस्तार कर रहा है। साझेदारी का यह चरण भारत में इंडिगो के व्यापक नेटवर्क का इस्तेमाल करके जापान से/जापान की यात्रा के लिए जापान एयरलाइंस के ग्राहकों के लिए उपलब्ध विकल्पों का विस्तार करता है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी दोनों देशों के बीच व्यापार, वाणिज्य और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निर्बाध संपर्क प्रदान करेगी। जापान एयरलाइंस में प्रबंध कार्यकारी अधिकारी एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष (मार्ग विपणन) रॉस लेगेट ने कहा, ''व्यापक नेटवर्क के दम पर भारत और जापान आने-जाने वाले यात्री एक ही टिकट पर अपनी उड़ान बुक कर सकेंगे। हाल के वर्षों में भारत ने उल्लेखनीय आर्थिक वृद्धि हासिल की है। जापान और भारत के बीच हवाई यात्रा की मांग पहले से कहीं अधिक बढ़ रही है।




# ब्याज दरें चरम पर, साल के अंत तक इनमें नरमी आने की उम्मीदः पीएनबी प्रबंध निदेशक

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक से कुछ दिन पहले पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के प्रबंध निदेशक (एमडी) अतुल कुमार गोयल ने कहा है कि ब्याज दरें अपने उच्चतम स्तर पर हैं और इस साल के अंत तक इनमें कमी आनी चाहिए। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के लगातार आठवीं बार नीतिगत दर रेपो को यथावत रखने की उम्मीद है। मौद्रिक नीति समिति की बैठक पांच जून को शुरू होने वाली है। समिति का निर्णय सात जून को घोषित किया जाएगा। गोयल ने कहा, ''ब्याज दरें वृद्धि, मुद्रास्फीति, अन्य देशों की मौद्रिक नीति रुख जैसे कई कारकों पर निर्भर हैं। मुझे लगता है कि दरें चरम पर पहुंच गई हैं। मुझे लगता है कि कुछ समय बाद, शायद इस साल के अंत तक, हम ब्याज दरों में कुछ कमी देख सकते हैं।%% उन्होंने कहा कि जमा दर में वृद्धि नहीं होनी चाहिए, क्योंकि 95 प्रतिशत जमाओं (डिपॉजिट) पर पहले दरें पहले ही बदल चुकी हैं। गोयल ने कहा कि खुदरा, कृषि और एमएसएमई (आरएएम) बैंक के लिए ध्यान देने वाले क्षेत्र होंगे, लेकिन अच्छे कॉरपोरेट कर्ज के वित्तपोषण से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा, ''कुल ऋण में आरएएम की हिस्सेदारी करीब 55 प्रतिशत है। हम अगले चार से पांच वर्षों में इस संख्या को करीब 60 प्रतिशत तक बढ़ाना चाहते हैं। इस वर्ष हमने 57 प्रतिशत हासिल करने का लक्ष्य रखा है। जैसा कि मैंने आपको बताया कि हम देश के सबसे बड़े बैंकों में से एक हैं, हालांकि हमारा ध्यान आरएएम पर है, लेकिन अगर कोई अवसर आता है तो हम उसे हाथ से जाने नहीं देंगे।%% उन्होंने कहा कि जहां तक ??कॉरपोरेट ऋण का सवाल है, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, खासकर सड़कों को लेकर मांग बढ़ रही है। गोयल ने कहा, ''यहां तक ??कि कुछ बड़ी कंपनियां भी अपनी क्षमता बढ़ाने की योजना बना रही हैं। इसलिए इस्पात क्षेत्र और यहां तक ??कि नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से भी मांग बढ़ रही है, जहां हम बेहद अधिक मांग देख रहे हैं।%% पीएनबी ने अपनी वित्तीय स्थिति में लगातार सुधार देखा है और वित्त वर्ष 2023-24 में लाभ के मामले में इसने सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है। वित्त वर्ष 2023-24 में समाप्त वित्त वर्ष में 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में पीएनबी 229 प्रतिशत की उच्चतम लाभ वृद्धि दर्ज सूची में शीर्ष पर रहा। बैंक का शुद्ध लाभ तीन गुना होकर 8,245 करोड़ रुपए हो गया। लाभप्रदता में सुधार की रणनीति के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि खुदरा, कृषि और लघु, कुटीर एवं मझोले (एमएसएमई) उपक्रम खंड का विस्तार करने, अच्छा कॉरपोरेट ऋण देने और वसूली में सुधार आदि पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।




# पिछले दशक में हवाई यात्रा की वास्तविक लागत में 34% की कमी आईः आईएटीए प्रमुख



**दुबई।** आईएटीए के महानिदेशक विली वॉल्श ने सोमवार को कहा कि पिछले दशक में हवाई यात्रा की वास्तविक लागत में 34 प्रतिशत की गिरावट आई है। प्रति यात्री एयरलाइन को मिलने वाला लाभ करीब 6.14 अमेरिकी डॉलर है। अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) 330 से अधिक एयरलाइन का एक वैश्विक समूह है। आईएटीए की यहां 80वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को संबोधित करते हुए वॉल्श ने कहा कि उड़ान अब भी पैसे के हिसाब से अच्छी स्थिति में है। उन्होंने कहा, ''हमने हाल ही में 15 बाजार में 6,500 यात्रियों के बीच सर्वेक्षण कराया जिनमें से 77 प्रतिशत ने यही बात कही। यह आश्चर्य की बात नहीं है, क्योंकि पिछले दशक में हवाई यात्रा की वास्तविक लागत में 34 प्रतिशत की गिरावट आई है।%% वॉल्श ने बताया कि प्रति यात्री एयरलाइन को मिलने वाला लाभ करीब 6.14 डॉलर रहा। वार्षिक आम बैठक दुबई के एक प्रमुख पांच सितारा होटल में हो रही है। वैश्विक स्तर पर 2024 तक एयरलाइन कंपनियों द्वारा करीब 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व दर्ज करने की उम्मीद है। टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) के उत्पादन को बढ़ाने की जरूरत पर बल देते हुए वॉल्श ने कहा कि 2050 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करना मुमकिन है....वैकल्पिक नहीं। इस वर्ष एसएएफ उत्पादन विमानन क्षेत्र की कुल ईंधन आवश्यकताओं के 0.5 प्रतिशत से थोड़ा अधिक तक पहुंचने का अनुमान है। उन्होंने कहा, ''स्पष्ट रूप से कहें तो सरकारों को एसएएफ की तेजी से वृद्धि के लिए ठोस उपाय करने चाहिए, जिसकी वे मांग कर रहे हैं। साथ ही उन्हें अन्य सभी कार्बन मुक्त उपायों को भी नहीं भूलना चाहिए, जिनकी आवश्यकता है।

# लगातार दूसरे महीने मई में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की ग्रोथ रही धीमी

**नई दिल्ली।** भारत के विनिर्माण क्षेत्र में मई में लगातार दूसरे महीने वृद्धि दर धीमी रही लेकिन वैश्विक बिक्री में 13 वर्षों में सर्वाधिक वृद्धि के साथ यह क्षेत्र विस्तार की स्थिति में बना रहा। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। मौसमी रूप से समायोजित %एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक% (पीएमआई) मई में घटकर 57.5 हो गया जो अप्रैल में 58.8 था। मार्च में सूचकांक 16 वर्ष के उच्चतम स्तर 59.1 पर पहुंच गया था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी की वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा, ''विनिर्माण क्षेत्र मई में विस्तार के दायरे में रहा, यद्यपि इसकी गति धीमी रही जिसका कारण नए ठेकों और उत्पादन में मंदी रही।%% दास ने कहा कि मंदी का कारण भीषण गर्मी के बीच कामकाजी घंटों में कमी और उत्पादन लागत में वृद्धि बताया जा रहा है। सर्वेक्षण के अनुसार, प्रतिस्पर्धा और चुनाव संबंधी व्यवधानों के कारण वृद्धि अवरुद्ध हुई है। कुल बिक्री के रुझान के विपरीत मई में नए निर्यात ठेकों में तीव्र गति से वृद्धि हुई है। अंतरराष्ट्रीय बिक्री में यह उछाल 13 वर्षों में सबसे अधिक रहा, क्योंकि विनिर्माताओं को अफ्रीका, एशिया, अमेरिका, यूरोप और पश्चिम एशिया के कई देशों में ग्राहकों से लाभ प्राप्त हुआ है। साथ ही मार्च 2005 में आंकड़ा संग्रहण शुरू होने के बाद से विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

## चुनावी नतीजों से पहले शेयरों ने तोड़े रिकॉर्ड,

# SBI समेत ये कंपनियां 8 लाख करोड़ मार्केट कैप क्लब में शामिल

**बिजनेस डेस्क।** लोकसभा चुनावों के नतीजों से पहले आए एग्जिट पोल में मोदी 3.0 की वापसी के संकेतों के चलते सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में कई रिकॉर्ड टूटे। बीएसई सेंसेक्स और एनएसई का निफ्टी रिकॉर्ड हाई पर खुला। मिडकैप और स्मॉल इंडेक्स ने भी लाइफटाइम हाई बनाया तो शेयर बाजार में लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप एक ही दिन 13 लाख करोड़ रुपए के उछाल के साथ 425 लाख करोड़ रुपए ऐतिहासिक हाई पर जा पहुंचा है लेकिन आज के सत्र में भारतीय शेयर बाजार में एक और रिकॉर्ड बना है। स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड 3 दिग्गज कंपनियों का मार्केट कैप पहली बार 8 लाख करोड़ रुपए के पार चला गया है। मोदी सरकार की लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की संभावनाओं के चलते देश की सबसे बड़ी बैंक भारतीय स्टेट बैंक का स्टॉक करीब 10 फीसदी के उछाल के साथ 912.10 रुपए के लाइफटाइम हाई पर जा पहुंचा है। ये पहला मौका है जब एसबीआई का शेयर 900 रुपए के पार गया है। एसबीआई का शेयर 9.12 फीसदी के उछाल के साथ 905.80 रुपए पर बंद हुआ। स्टॉक में इस तेजी के बाद पहली बार एसबीआई का मार्केट कैप 8 लाख करोड़ रुपए को पार करते हुए 808,391.35 करोड़ रुपए पर जा पहुंचा है। एसबीआई ही नहीं निजी क्षेत्र की दूसरी बड़ी आईसीआईसीआई बैंक भी 8 लाख करोड़ रुपए मार्केट कैप के क्लब में शामिल हो गई है। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर भी 1171 रुपए के रिकॉर्ड हाई पर जा पहुंचा है। आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 818,810.86 करोड़ रुपए पर जा पहुंचा है। वैसे एचडीएफसी बैंक 11.96 लाख करोड़ रुपए के मार्केट कैप के साथ सबसे वैल्यूएबल बैंक है। आज के कारोबार में देश की दूसरी बड़ी टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल भी 8 लाख करोड़ रुपए के क्लब में शामिल हो गई है। भारती एयरटेल का स्टॉक पहली बार 1420 रुपए के रिकॉर्ड हाई पर जा पहुंचा है। एयरटेल का मार्केट कैप 805,665 करोड़ रुपए पर जा पहुंचा है।



स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)